Website: www.rssrashtriya.org E-mail: rss.rashtriya@gmail.com

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय)

कार्यालय: 82, पटेल कॉलोनी, गवर्नमेन्ट प्रेस के पास, सरदार पटेल मार्ग, जयपुर-302001
संरक्षक: श्री उमराव लाल वर्मा, श्री प्रहलाद शर्मा
(Regd. & Recognised by Govt. & Affiliated to ABRSM, AIPTF, AISTF, E.I. & RRKM)

रमेश चन्द्र पुष्करणा	सम्पत सिंह	महेन्द्र कुमार लखारा
अध्यक्ष	सभाध्यक्ष	महामंत्री
9460057712	9413344625	9460209114

क्रमांक: रा.शि.संघ (राष्ट्रीय)/महामंत्री/41 दिनांक- 02/08/2025

सम्मानीय प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य,
जिलाध्यक्ष,जिलामंत्री, महिला मंत्री, संगठन मंत्री।

सादर नमस्कार !

विषय :- संगठन द्वारा शिक्षको की विभिन्न समस्याओं को लेकर आंदोलन के क्रम में।

बंन्धुवर,

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मकता के साथ शिक्षा,शिक्षार्थी व शिक्षको के हितों के लिए कार्य करता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए नवाचार करना, बच्चों को संस्कारित, ज्ञानवर्धक व जीवन कौशल की शिक्षा देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

साथ ही संगठन शिक्षको की समस्याओं को सरकार द्वारा निस्तारण किया जाए इसके लिए समय समय पर सरकार व प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखता है व सुझाव देता है। वर्तमान सरकार व प्रशासन के साथ शिक्षको की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए अनेक बार वार्ता व संवाद किया है लेकिन खेद का विषय है कि प्रमुख समस्याए आज भी जस की तस बनी हुई है।

अतः संगठन ने शिक्षको की भावनाओ को ध्यान में रखते हुए प्रदेश भर में आंदोलन का निर्णय किया है। इसके तहत प्रथम चरण में 7 अगस्त 2025 को सभी उपखंड मुख्यालय पर अधिकतम शिक्षकों के साथ दोपहर 2.30 बजे मुख्यमंत्री जी के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देना तय किया है। तत्पश्चात 14 अगस्त 2025 को राजस्थान में सरकार के पक्ष के सभी जनप्रतिनिधियों को उपशाखा द्वारा ज्ञापन देकर सरकार को संगठन की भावना से अवगत कराने का आग्रह किया जाएगा।

सरकार द्वारा शिक्षको की भावनाओ का सम्मान नही करने पर आंदोलन के द्वितीय चरण पर भी विचार किया जाएगा।

संगठन का शिक्षको से आह्वान है कि उक्त तिथियों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर शिक्षको की समस्याओं के निस्तारण के लिए संगठन के साथ मजबूती से खड़े होकर बल प्रदान करे।

- **ज्ञापन की कॉपी समय पर प्रेषित कर दी जाएगी।**

भवदीय

(महेंद्र कुमार लखारा)
महामंत्री